**विषय–कृषि**
**कक्षा–9**
**मॉडल प्रश्नपत्र**

**पूर्णांक – 70**

**नोटः– सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।**

**<u>बहुविकल्पीय प्रश्न</u>**

**<u>निर्देशः–</u>** प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प का चयन कीजिए और अपनी उत्तर
पुस्तिका में क्रमवार लिखिए –

1– किसी विशेष समय पर वायुमण्डल की अवस्था को कहते हैं –
क– ऋतु ख– वातावरण ग–मौसम घ–उपरोक्त में से कोई नहीं

2– किसी स्थान की जलवायु को सबसे अधिक प्रभावित करता है – 1
क–मिट्टी का रंग ख– भू–मध्य रेखा से उस स्थान की दूरी
ग– मिट्टी का तापक्रम घ– वायु की गति

3– कृषि की दृष्टि से सर्वोत्तम मिट्टी होती है – 1
क– चिकनी मिट्टी ख– बलुई मिट्टी ग– दोमट मिट्टी घ– अम्लीय मिट्टी

4– फसलों के लिए सबसे उपयोगी जल है – 1
क– गुरूत्वीय जल ख– केशिका जल ग–संयुक्त जल घ– अर्हताग्राही जल

5– रहट का प्रयोग करते हैं –
क– पानी उठाने में ख– भूमि सुधार में ग–जल निकास में घ– बुवाई करने में

6– भूमि में नमी संरक्षण करने के लिए आवश्यक है – 1
क– उर्वरकों का प्रयोग ख– खेत के चारों ओर मेंड बाँधना
ग– खेत की मिट्टी में चूना मिलाना घ– खेत में पाइराइट मिलाना

7– हरी खाद के लिए उपयुक्त फसल होती है जिसमें पत्तियाँ होती हैं –
क– कम ख–नगन्य ग– दो–तीन घ– अधिक

8– सहजीवी जीवाणु वायुमण्डल से पौधों में किस पोषक तत्व को संस्थापित करते हैं – 1
क– लोहा ख– ऋजन ग– जस्ता घ– फॉस्फोरस

9– ढालू भागों के लिए उत्तम जुताई है –
क– एक ओर को कूँड डालकर ख– अन्दर से बाहर की ओर
ग– बाहर से अन्दर की ओर घ– उपर्युक्त में से कोई नहीं

10– प्रमुख कर्षण क्रियायेंह" –
क– जुताई ख– बुवाई ग– गुड़ाई घ– उपरोक्त सभी

11– पटेला चलाना प्रक्रिया है – 1
क–भू–परिष्करण ख–सिंचाई ग– कटाई घ– वाष्पोत्सर्जन

12– मेस्टन हल मिट्टी को – 1

Downloaded from cclchapter.com

क–चीरता है   ख– पलटता है   ग– चीर कर पलटता है   घ– उपरोक्त में से कोई नहीं

13– दियारा खेती की जाती है –– 1

क–समुद्र के किनारे   ख– पहाड़ों के ढालों पर

ग– नदियों के किनारे   घ– रेगिस्तान में

14– अनाज की खेती के साथ–साथ पशुपालन करना कहलाता है –– 1

क– सस्यावर्तन   ख– मिश्रित खेती

ग– वहुफसल खेती   घ– मिश्रित फसल

15– संकर मक्का के लिए प्रति हैक्टेयर नाइट्रोजन की आवश्यकता होती है – 1

क– 50–60 किग्रा   ख– 60–80 किग्रा   ग–80–100 किग्रा   घ–100–120 किग्रा

16– निम्नलिखित किस फसल को न्यूनतम पानी की आवश्यकता होती है? 1

क–धान   ख–गन्ना   ग–आलू   घ–चना

17– मटर की सब्जी वाली किस्म है – 1

क– अर्किल   ख– किन्नुरी   ग– स्वर्ण रेखा   घ– गौरव

18– निम्न में से गाय की कौन–सी नस्ल दुकाजी है? 1

क– हरियाणा   ख– जीर्स   ग– गंगा तीरी   घ– साहीवाल

19– भदावरी भैंस के दूध में वसा या चिकनाई की मात्रा पाई जाती है – 1

क– 5–6%   ख– 6–8%   ग– 8–10%   घ– 11–13%

20– खतौनी में लेखपाल परिवर्तन करता है – 1

क– नीली रोशनाई से   ख– हरी रोशनाई से

ग– लाल रोशनाई से   घ– काली रोशनाई से

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

1– शीत ऋतु में उगाई जाने वाली फसलां को कौन सी फसलें कहते हैं? इनके दो उदाहरण दीजिए। 2

2– मृदा गठन की परिभाषा लिखिए। 2

3– हैरिंग बोन प्रणाली क्या है? 2

4– गोबर की खाद में नाइट्रोजन, फास्फोरस तथा पोटाश का प्रतिशत लिखिए। 2

5– अच्छी जुताई की क्या विशेषताएँ हैं? 2

6– हल की परिभाषा लिखिए। 2

7– फसल की परिभाषा दीजिए। 2

8– फूल आने से पूर्व चने के पौधों के ऊपरी भाग की तुड़ाई क्यों की जाती हैं? 2

9– गाय का दूध व घी पीलापन लिए हुए क्यों होता है? 2

10– किसी खेत के दो टुकड़ें होने पर लेखपाल उसे गाँव के नक्शे में किस प्रकार दर्शाता है? 2

Downloaded from cclchapter.com

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**निर्देशः– किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न चार अंक का है।**

1– गोबर की खाद तथा कम्पोस्ट खाद में अन्तर लिखिए। 4

2– मेस्टन हल का स्वच्छ एवं नामांकित चित्र बनाइए। 4

3– मृदा में पोषक तत्वों के स्रोत लिखिए। 4

4– चने की फसल के लिये बादलों वाला मौसम क्यों हानिकारक है? 4

5– सिंचाई के लिए किन–किन तथ्यों को ध्यान में रखना चाहिए? 4

6– बरसीम कल्चर का क्या महत्व है? 4

7– लेखपाल के पास कौन–कौन से अभिलेख होते हैं? उनका किसान के लिए क्या महत्व है? 4

8– जलवायु तथा मौसम में अन्तर व्यक्त कीजिए। 4

विस्तृत उत्तरीय प्रश्न

निर्देशः– किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 7 अंक का है।

1– जलवायु विज्ञान क्या है? जलवायु को प्रभावित करने वाले कारकों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। 7

2– भू–परिष्करण से आप क्या समझते हैं? यह कितने प्रकार का होता है। द्वितीयक भू–परिष्करण के उद्‌देश्य तथा इसके लिए प्रयोग किये जाने वाले दो मन्त्रों के नम लिखिए। 7

3– फसल–चक्र से आप क्या समझते हैं। फसल चक्र के सिद्धान्त तथा फसल–चक्र के लाभों का वर्णन कीजिए। 7

4– मक्का की खोती का वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों के अन्तर्गत कीजिए– 7

क– चार उन्नतश्ज्ञील किस्में

ख– भूमि तथा भूमि की तैयारी

ग– बुवाई का समय

घ– कतार से कतार तथा पौधे से पौधे की दूरी

ड.– बीज की मात्रा प्रति हैक्टेयर

च– उर्वरकों की मात्रा प्रति हैक्टेयर

छ– उपज प्रति हैक्टेयर

Downloaded from cclchapter.com